**कोहरे का कहर** ▶ **सुबह और रात में रहा कोहरे का कोहराम, कई जगह थम गये वाहनों के पहिए**

# कोहरे से हाइवे, ओवर ब्रिज, सड़क व पुल ढके

**सिहोरा । सोमवार को सुबह कोहरे की भयावहता धरती से आसमान तक रही ।**

आसमान से बरसा कोहरा शाम होते ही अपेक्षाकृत ज्यादा हो गया जिससे जबलपुर कटनी हाईवे फोर लाइन सड़क मार्ग पर गांधीग्राम के आगे कारीवाह में बने ओवर ब्रिज, राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 फोरलेन सड़क मार्ग जबलपुर सिहोरा मार्ग पर घाटसिमरिया स्थित हिरन नदी पुल पर, साथ ही जबलपुर कटनी रेल्वे लाईन पर भी कोहरे का कहर देखा गया। मौसम के बदलाव के कारण रात से सुबह और रात्रि तक घना कोहरा छाया रहा।



बायपास रोड पर धरती से आसमान तक कोहरा ही कोहरा छाया रहा कोहरे की भयावहता के वजह से हाइवे फोरलेन सड़क पर,हाईवे के घाट सिमरिया स्थित हिरन नदी पुल आदि कोहरे से ढके रहे। कोहरे के कारण वाहन चालकों को वाहन चलाने में असुविधा का सामना करना पड़ा । ठण्ड से लोगों को राहत नही मिल सकी ।सुबह से कोहरे की बरसात तो होती ही रही शाम होते ही फिर कोहरा पड़ना शुरू हो गया।

कोहरे के कारण हाईवे पर इतना कम दिख रहा था, कि सामने 10 मीटर की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।कोहरा की वजह से पेड़-पौधों से पानी बूंदों की तरह टपक रहा था। कोहरे के चलते वाहनों की गति पर ब्रेक लग गया। हाईवे और अन्य सड़कों पर वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। हेडलाइट जलाने व डीपर के प्रयोग के बाद भी सड़कों पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।हाईवे फोरलेन पर बसें कोहरे के चलते लेट रहीं।

भारी वाहनों के चालकों ने अपने वाहनों को हाईवे पर होटल, ढाबों, रेस्तरां या फिर सड़क किनारे खड़े कर दिए। कोहरे की दृश्यता बढ़ने पर ही चालक वाहनों को लेकर रवाना हुए। इसी प्रकार हाइवे के किनारे गांधीग्राम से सिहोरा की ओर व कुसनेर, जबलपुर की ओर के हाईटेंशन टावर लाइन की ऊंचाई तक कोहरे की पहुंच से वह भी कोहरे से पूरी तरह ढका हुआ था।

# दूरी कभी भी शिक्षा में बाधक नहीं बननी चाहिए

▶ **शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को साईकिल वितरण**




**नवभारत,पनागर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सुशील तिवारी (इंदु भैया) ने अपने उद्बोधन में कहा कि दूरी कभी भी शिक्षा में बाधक नहीं बननी चाहिए। समाज का हर तबका शिक्षित हो, इसी उद्देश्य को लेकर राज्य शासन द्वारा प्रतिवर्ष बच्चों को साइकिल वितरित की जाती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल एवं उपाध्यक्ष एडवोकेट महेन्द्र चक्रवर्ती ने कहा कि जिस विद्यालय में उन्होंने स्वयं शिक्षा ग्रहण की, आज उसी विद्यालय में सम्मानित होकर आना उनके लिए गर्व और भावुक क्षण है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, विधायक प्रतिनिधि आनंद जैन, सर्वेश मिश्रा, अंकुर जैन, पार्षद मुकेश वंशकार, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, विकासखंड अधिकारी सोनम कटारे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती तृप्ति सेंगर ने की। कार्यक्रम में शिक्षकगण डॉ. कविता दवे, मनीषा नामदेव, मीनल पटेल, लक्ष्मी श्रीवास, दुर्गा मिश्रा, अरुदीन अंसारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

# शून्य दृश्यता में आंखें नहीं भेद पाई कोहरे की अभेद दीवार

▶ **अलसुबह से दिन चढ़े कोहरे का कोहराम**

**नवभारत, बेलखाड़ू ।** बीती रात से मौसम ने अचानक सख्ती दिखा दी है जिसका प्रभाव ये हुआ कि घना कोहरा छा गया, जो अलसुबह से दिन चढ़े 11 बजे तक प्रभावशील रहा,जिससे सड़कों पर दृश्यता लगभग शून्य रही ।

मुख्य मार्गों पर वाहन हेडलाइट जलाकर रेंगते नजर आए, वहीं ग्रामीण इलाकों में सड़कें सुनसान रहीं। मौसम विभाग जबलपुर के अधिकारी देवेंद्र तिवारी के अनुसार आज न्यूनतम तापमान 8 डिग्री ( - 2 ) सेल्सियस अधिकतम तापमान 24.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में लगातार गिरावट के कारण रात्रि एवं दिन में कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है । बच्चे हों या बड़े लोग सभी जैकेट, स्वेटर और मफलर में लिपटे नजर आए।



**कोहरे में जोखिम के बीच वाहन चालन रही मजबूरी**

घने कोहरे के कारण सड़क पार करने में परेशानी एवं वाहनों की दृश्यता बिल्कुल ना के बराबर कम होने से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है, दोपहिया ,चार पहिया वाहनों में चालक सुबह लाइट जलाकर वाहन किसी आवश्यक कार्य के चलते मजबूरी में चलाते नजर आए। दुपहिया चालन दौरान चालकों के चेहरे, कपड़े कोहरे में पूरी तरह गीले हो गए। ऐसे में दुर्घटना का खतरा बना रहा।

**स्वास्थ्य पर असर**

कोहरे के साथ साथ ठंड बढ़ते ही बच्चों में सर्वाधिक सर्दी, खांसी, गले में खराश और बुखार सहित अस्थमा जैसी गंभीर समस्याएं उभर कर सामने आई है ।स्थानीय चिकित्सकों के अनुसार बच्चे , बुजुर्ग सभी को सुबह की ठंड से बचाव बेहद जरूरी है।

**मौसम विभाग का अलर्ट**

अगले तीन दिन मौसम शुष्क रहने , ठंड में बढ़ोतरी की संभावना है। पूर्वी व उत्तरी हवाएं 3 से 4 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने की चेतावनी जारी की है।

## अमित सक्सेना ने पदभार ग्रहण किया

**जबलपुर, नवभारत।** विजयनगर संभाग में नवनियुक्त कार्यपालन अभियंता अमित सक्सेना ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर 'युनाइटेड फोरम फॉर पावर एम्पलाइज संगठन' के पदाधिकारियों और विभागीय कर्मचारियों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर" मुख्य रूप से सहायक यंत्री आदित्य चौबे, प्रियंका वर्मा, उषा पांडे, बृजमोहन विश्वकर्मा, दयाशंकर द्विवेदी, मनीष गड़ेवाल सुषमा उपाध्याय, कविता विश्वकर्मा और अमृता सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# बाबाताल शिव मंदिर में गूंजी देवी भागवत की महिमा, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**सिहोरा ।** बाबाताल स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा में भक्ति की अविरल धारा बही। कथा व्यास पंडित इंद्रमणि त्रिपाठी ने अपनी ओजस्वी वाणी से विभिन्न पौराणिक प्रसंगों का सजीव वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रोता भावविभोर हो गए।

**राधा चरित के वर्णन से भक्तिमय हुआ वातावरण-** कथा मे पंडित त्रिपाठी ने व्यास



गद्दी से श्रीराधा चरित् का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीराधा साक्षात शक्ति का स्वरूप हैं और बिना राधा की कृपा के कृष्ण तत्व को प्राप्त करना असंभव है। राधा-कृष्ण के आध्यात्मिक प्रेम और उनकी महिमा के प्रसंग ने पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**तुलसी महिमा और सावित्री प्रसंग की दी जानकारी**-कथा क्रम को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने तुलसी की कथा सुनाई, जिसमें उन्होंने तुलसी के धार्मिक और औषधीय महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, उन्होंने सती सावित्री के प्रसंग के माध्यम से पतिव्रत धर्म और संकल्प की शक्ति के बारे में बताया कि कैसे सावित्री ने अपने दृढ़ निश्चय से यमराज से भी अपने पति के प्राण वापस ले लिए थे। इन कथाओं ने समाज में नैतिकता और धर्म के महत्व को रेखांकित किया।

**बड़ी संख्या में उमड़ रहे श्रद्धालु**

प्राचीन शिव मंदिर का परिसर अब श्रद्धालुओं के लिए छोटा पड़ने लगा है। कथा श्रवण के लिए न केवल स्थानीय बल्कि आस-पास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और युवा पहुँच रहे हैं।

# संबल कार्ड पंजीयन के लिए शिविर का आयोजन



**नवभारत,जबलपुर।** नागरिक अधिकार मंच द्वारा स्थानीय बस्ती चंदाल भाटा, डॉ. राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक 29 में भवन निर्माण मजदूरों एवं संबल कार्ड पंजीयन के लिए एक महत्वपूर्ण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य श्रमिकों को शासकीय योजनाओं से जोड़ना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर के दौरान भवन निर्माण से संबंधित 34 आवेदन प्राप्त हुए तथा संबल कार्ड के लिए 16 लोगों के आवश्यक दस्तावेज जमा किए गए। इसके अतिरिक्त 2 ई-श्रम कार्ड मौके पर ही ऑनलाइन बनाए गए, जिनका पंजीयन संस्था के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा।

इस आयोजन को सफल बनाने में संस्था की ओर से विकास खोबरागड़े, अंजलीना, शुभम चौधरी, गायत्री साहू का सराहनीय योगदान रहा। साथ ही स्थानीय निवासी गोपाल चौधरी, विष्णु चौधरी, करण चौधरी एवं ललित चौधरी का विशेष सहयोग भी रहा।


## कार्यालय नगरपालिक निगम कटनी (म.प्र.)

क्रं./ 162/मुख्य स्टोर/2025-26 कटनी, दिनांक :- 15/12/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु पंजीकृत फर्मों से आन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD_468633_1 | हाथ ठेला की साईज 97.50 से.मी. X 60 से.मी. X 35 से.मी. | 2000.00<br>7500.00 | 03/01/2026 |
| | | एम.एस.सीट से गेज (APPROX 1.35 Sqm) | | |
| | | टॉप फेम एम.एस.एंगल 35X35X5 मि.मी. (Length APPROX 5.00 meter) | | |
| | | लोव्हर फेम एम.एस. एंगल 32x32x3 मि.मी. (Length APPROX 3.00 meter) | | |
| | | एम.एस.पटटी 32x3 मि.मी. (Length APPROX 2.40 meter) | | |
| | | एक्सल एम.एस.राड गोलाई 25 मि.मी. Dia Length 0.9 meter | | |
| | | पाईप का हेंडिल 30 mm. Dia Length 25 cm. | | |
| | | 02 नग ठोस रबड़ के व्हील 60 cm. Dia एवं 10 mm. एम.एस. राड व्हील सपोर्ट, 04 नग बैरिंग (6225) तथा एक्सल में वेल्डिंग टांका एवं लाकिंग सहित | | |
| | | प्राईमर एवं ऑयल पेंट से पेटिंग / राईटिंग कार्य | | |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**प्राधिकृत अधिकारी**
**नगर पालिक निगम कटनी**


## एसपी की पाठशाला में कौशल महोत्सव 2.0 का आयोजन आज

**नवभारत,जबलपुर।** पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय की पहल पर युवाओं के कौशल और जागरूकता को बढ़ाने के लिए आज 30 दिसंबर को पुलिस लाइन में नि:शुल्क एसपी की पाठशाला में कौशल महोत्सव 2.0 का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसमें युवाओं को साइबर सुरक्षा, करियर मार्गदर्शन, तकनीक आधारित शिक्षा, नशामुक्त जीवन, आत्मअनुशासन और जिम्मेदार नागरिक बनने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने युवाओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर अपने करियर और भविष्य निर्माण के अवसर का लाभ उठाएं।

# भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में लिया अवतार

▶ **बालकृष्ण को गोद में उठाकर नाचे श्रोता**

**सिहोरा।** कथा व्यास रामकृष्ण महाराज बरगी वाले के सानिध्य में बड़े ही हर्षोल्लास व श्रीकृष्ण जन्म को पात्र अभिनय की प्रस्तुति ने जीवंत बना दिया गोसलपुर शंकर कॉलोनी के पास स्थित बाबा रामदास मंदिर में आयोजित संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद्भागवत कथा में वासुदेवजी के पात्र ने पीले वस्त्र धारण कर टोकनी में नन्हे बालक को श्रीकृष्ण के रूप में रखकर जब दर्शकों के बीच कथा पंडाल से निकले तो श्रोताओं का जन समूह नन्हे श्रीकृष्ण के चरण छूने बेताब हो गये इस बीच कथा वाचक रामकृष्ण महाराज ने बालकृष्ण पात्र



को गोद में उठाकर मंच से ही सबको भगवान श्रीकृष्ण स्वरूप के दर्शन करा दिए।

श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन में पंडित रामकृष्ण महाराज ने कहा की कंश के अत्याचार से तीनों लोक त्राहि-त्राहि कर उठे तो भगवान विष्णु ने श्रीकृष्ण के रूप में अवतार लिया कंस अपनी बहन देवकी की शादी वासुदेव से धूमधाम से कराने के बाद जब उन्हें छोड़ने जा रहा था तभी भविष्यवाणी सुनकर उसकी सारी खुशी काफूर हो गई उसने वासुदेव के अनुनय-विनय के बाद दोनों को कारागार में डाल दिया और एक-एक कर उनके छह बच्चों को मौत के घाट उतार दिया जब भगवान कृष्ण ने आधी रात को अवतार लिया तो सारे पहरेदार गहरी निद्रा में सोए हुए थे और हथकड़ियां व कारागार के ताले अपने आप खुल गए वासुदेव कृष्ण को टोकरी में रखकर गोकुल में छोड़ आए और वहां से माया रूपी बालिका को अपने साथ ले आए इधर जब कंश बच्चे के रोने की आवाज सुना तो कारागार की तरफ दौड़ पड़ा उनके हाथों से छीनकर जैसे ही उसने माया को जमीन पर पटकने का प्रयास किया तो वह उसके हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और कहा की तुझे मारने वाला गोकुल में जन्म ले चुका है।



## टिमरी में शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा प्रारंभ

**नवभारत,बेलखाड़ू।** ग्राम टिमरी में सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा आयोजन के लिए भव्य विशाल कलश शोभायात्रा दोपहर में निकाली गई। कथा वाचक आचार्य पं बलराम महाराज मैहरधाम, पं संदीप गुरु के सानिध्य में मुन्ना तिवारी, अंजू तिवारी द्वारा सिर पर भागवत धारण कर गांव के सभी मंदिरों में पूजन अर्चन कर शोभायात्रा ग्राम भ्रमण पश्चात कथा स्थल पहुंची। जहां पर बैठकी पूजन किया गया। व्यास पीठ का पूजन पं अवधेश मिश्रा, ज्योति मिश्रा द्वारा विधिविधान से किया गया। तत्पश्चात पंडाल स्थल पर श्रोताओं की उपस्थिति में कथा बलराम महाराज द्वारा शुभारंभ किया गया।


## कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.)

ई-टेण्डर क्रमांक / स्टोर/6651 सिवनी, दिनांक :- 24/12/2025

**संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति**

पेंच टाईगर रिजर्व, सिवनी (म.प्र.) के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में वन्यप्राणियों के निश्चेतन दवाईयां क्रय करने के हेतु अनुमानित लागत 16.50,000/- (सोलह लाख पचास हजार) रुपए हेतु विभिन्न फर्मों से ई-टेण्डरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा www.mptenders.gov.in पर Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है समस्त शर्तें एवं अन्य जानकारी डा. अखिलेश मिश्रा, वन्यप्राणी चिकित्सक, पेंच टाइगर रिजर्व, सिवनी से संपर्क स्थापित कर प्राप्त की जा सकती है।

| S.No. | Drug Name | Qty. (vial अनुमानित) |
|---|---|---|
| 1 | Xylazine 50ml (100mg / ml) | 09 |
| 2 | Reverzine 50ml (10mg / ml) | 13 |
| 3 | Meditomedine 20ml (20mg / ml) | 10 |
| 4 | Atipamezol 10ml ( 5 mg / ml ) | 41 |
| 5 | Acepromazine 50ml (10mg / ml) | 03 |
| 6 | Doxapram 20ml (20mg / ml) | 09 |
| 7 | Azeparone 100ml(50mg/ml) | 04 |
| 8 | Perphenazine 50ml (10mg / ml) | 03 |
| 9 | Haloperidol 50ml (20mg / ml) | 05 |
| 10 | Zoletil 50ml (50mg / ml) | 09 |

टीप: - उपरोक्त दवाईयों की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है।

| | |
|---|---|
| Bid Submission Start Date & time<br>निविदादर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 29/12/2025 TIME 10.00 AM |
| Bid Submission Start Date & time<br>निविदादर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 07/01/2026 TIME 05.00 PM |
| Bid Opening Date<br>निविदा खोलने का दिनांक | 09/01/2026 TIME 12.00 PM |

जी.- 23510/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल

**उप संचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी (म.प्र.)**




## 25 लाभार्थियों को मिला स्वरोजगार का अवसर

**नवभारत,जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू),के पशुधन फार्म, अधारताल में सोमवार को अनुसूचित जाति के लाभार्थियों के लिए सूकर प्रशिक्षण एवं वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय की अखिल भारतीय समन्वित सूकर अनुसंधान परियोजना तथा आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान, भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। कुलपति डॉ. मंदीप शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में 25 प्रतिभागियों को एक-एक नर एवं मादा सूकर का वितरण किया गया। कुलपति ने लाभार्थियों को उद्यमिता विकास एवं आजीविका सृजन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीन डॉ. आर. के. शर्मा, मुख्य परियोजना अन्वेषक डॉ. बिस्वजीत रॉय तथा विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. सुनील नायक का विशेष योगदान रहा। आईसीएआर-एनआईएचएसएडी भोपाल से पधारे प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जी. वेंकटेश एवं डॉ. के. राजू कुमार ने सूकरों के रक्त नमूने लेकर वैज्ञानिक परामर्श एवं पालन संबंधी दिशा-निर्देश दिए इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. एस. एस. तोमर, निदेशक फार्म डॉ. जी. पी. लखानी, निदेशक बायोटेक सेंटर डॉ. मोहन सिंह ठाकुर एवं सहायक कुलसचिव रामकिंकर मिश्रा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम संचालन में डॉ. रूचि सिंह, डॉ. अनिल शिंदे, डॉ. भावना अहीरवाल तथा युवा प्रोफेशनल आशीष यादव का सहयोग रहा।



## क्षेत्रीय कार्यालय, मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कटनी

**लोक सुनवाई की आम सूचना**

सर्वसबंधितो को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव आंकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14/09/2006 यथा संशोधित के प्रावधानों के अन्तर्गत मेसर्स अशोक विश्वकर्मा बिचुआ क्रेशर स्टोन क्वेरी माइनिंग ऑफ मिनिरल्स खसरा नं. 06 ग्राम बिचुआ, तहसील - मुडवारा, जिला कटनी, लीज क्षेत्रफल 4.0 हेक्टेयर, उत्खनन क्षमता -50000 क्यूबिक मीटर प्रतिवर्ष, हेतु पर्यावरण स्वीकृति के लिये भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा गठित राज्य स्तरीय विशेषज्ञ आंकलन समिति भोपाल से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने के अनुक्रम मे लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल मे आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त परियोजना से संबंधित ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं परियोजना का कार्यकारी सारांश हिन्दी व अग्रेंजी में साफ्ट कापी सहित का अवलोकन (1) कार्यालय कलेक्टर, कटनी (2) कार्यालय जिला पंचायत, कटनी, (3) कार्यालय जिला व्यापार एवं उघोग केन्द, कटनी (4) कार्यालय ग्राम पंचायत ग्राम बिचुआ, तहसील मुडवारा, जिला कटनी, (5) अतिरिक्त प्रधान मुख्य संरक्षक, केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, केन्द्रीय पर्यावरण भवन लिंक रोड क्रमांक 3 राजयोग भवन के पास ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल (6) मुख्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, ई-5 अरेरा कालोनी भोपाल एवं (7) क्षेत्रीय कार्यालय, नवीन भवन पता - एन.एच. 30, जबलपुर रीवा बायपास रोड, महिन्द्रा एंड महिन्द्रा शो रूम के पास गुलवारा तहसील मुडवारा, जिला - कटनी (म.प्र.) मे कार्यालयीन समय मे किया जा सकता है तथा इसे बोर्ड की बेवसाइड www.mppcb.nic.in पर भी देखा जा सकता है। जिस किसी व्यक्ति को उक्त खदान के पर्यावरणीय विषय के संबंध में कोई सुझाव, विचार, टीका टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय अधिकारी म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी (म.प्र.) के कार्यालय में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय मे प्रस्तुत की जा सकती है। इस परियोजना के लिए लोक सुनवाई दिनांक 30/01/2026 दिन शुक्रवार को प्रात: 11:00 बजे मेसर्स अशोक विश्वकर्मा बिचुआ क्रेशर स्टोन क्वेरी, माइनिंग ऑफ मिनिरल्स, ग्राम बिचुआ तहसील मुडवारा जिला कटनी, के परियोजना स्थल के परिसर में आयोजित की जायेगी जिसमे भी सुझाव, विचार, टीका/टिप्पणी एवं आपत्ति दर्ज कराई जा सकती है।

**क्षेत्रीय अधिकारी**


## निधन



**विशेश्वर प्रसाद पटेल**

**बेलखाड़ू।** बेलखाड़ू के समीप ग्राम सरोंद निवासी विशेश्वर प्रसाद पटेल का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आप राजेश पटेल के पिता थे अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सरोंद में संपन्न हुआ।

**माधुरी गुमास्ता**

**जबलपुर।** 1380 सरस्वती कॉलोनी, पारिजात बिल्डिंग के पीछे चेरीताल निवासी माधुरी गुमास्ता का निधन हो गया है। वे स्व.काशी प्रसाद गुमास्ता की पत्नी, प्रभात,बालकृष्ण, गोपाल गुमास्ता की माताजी रही। अंतिम संस्कार रानीताल मुक्ति धाम में संपन्न हुआ।




## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)

**प्रथम निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का विवरण | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Tender ID-2025_UAD_470986_1<br>Pro- 718<br>Date-29/12/2025 | कमला नेहरू वार्ड में एडवोकेट लखन केवल से श्री मनोज गुप्ता तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य । (CM MONIT A+) | 03 माह<br>6.77 लाख | 2000<br>6774 | 27/01/2026 |
| 2. | Tender ID-2025_UAD_470986_2<br>Pro- 718<br>Date-29/12/2025 | कमला नेहरू वार्ड में मोहन इलेक्ट्रिकल से दयाराम मोड तक सी.सी. सडक निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>10.16 लाख | 2000<br>7623 | 27/01/2026 |
| 3. | Tender ID-2025_UAD_470986_3<br>Pro- 718<br>Date-29/12/2025 | कमला नेहरू वार्ड में मोहन इलेक्ट्रिकल से दयाराम मोड तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>10.21 लाख | 2000<br>7658 | 27/01/2026 |
| 4. | Tender ID-2025_UAD_470986_4<br>Pro- 718<br>Date-29/12/2025 | कमला नेहरू वार्ड में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास नरवरिया आभूषण तक कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>14.40 लाख | 2000<br>10802 | 27/01/2026 |
| 5. | Tender ID-2025_UAD_470986_5<br>Pro- 718<br>Date-29/12/2025 | कमला नेहरू वार्ड में लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास नरवरिया आभूषण सी.सी.सडक निर्माण कार्य। (CM MONIT A+) | 03 माह<br>11.04 लाख | 2000<br>8275 | 27/01/2026 |

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**नगर पालिक निगम, जबलपुर**



## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म0प्र0)

नि.आ.सू. क्रमांक / 12 / व.ले.लि. / 2025-26 डिण्डौरी दिनांक 23.12.2025

**ऑनलांईन निविदा आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा केन्द्रीयकृत लो0नि0वि0 में पंजीकृत समस्त निविदाकारों को सूचित किया जाता है कि लो0नि0वि0 संभाग डिण्डौरी जिला डिण्डौरी के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो की ऑन लाईन निविदा पोर्टल https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की गई है। कार्यो का विस्तृत विवरण बेबसाईट पर देखा जा सकता है :-

| ई-टेंडर नम्बर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि | निविदा खोले जाने का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PWDRB_470354 | कलगीटोला से आमादेह मार्ग लम्बाई 2.50 किमी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (द्वितीय आमंत्रण) | 271.04 | 271100.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो0नि0वि0 परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2025_PWDRB_470355 | घुसिया से ढीमरटोला मार्ग लम्बाई 3.50 किमी. का निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (द्वितीय आमंत्रण) | 362.72 | 362720.00 | 15000.00 | 05 माह वर्षाऋतु सहित | कार्या. मुख्य अभियंता लो0नि0वि0 परिक्षेत्र जबलपुर |

**निविदा की तिथि एवं शर्तें :-**

(1) ऑनलाईन निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि **24.12.2025 से 09.01.2026 सायं 5:30 बजे** तक है ।
(2) ऑनलाईन बिड सबमिट करने की अंतिम तिथि **09.01.2026 सायं 5:30 बजे** तक है ।
(3) टेण्डर डाक्यूमेंट, (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे। निविदा **दिनांक 12.01.2026** से खोली जावेगी ।
(4) संशोधन या शुद्धिपत्र सिर्फ वेबसाईट में अपलोड किये जावेंगे।
(5) निविदा प्रपत्र वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर भुगतान उपरांत प्राप्त हो सकेंगे। अतिरिक्त जानकारी वेबसाईट पर टेण्डर डाक्यूमेंट में देखी जा सकती है।

**(मोहपत सिंह धुर्वे)**
**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संभाग डिण्डोरी**

जी.- 23480/25 बच्चों की मुस्कान हैं अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल